बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)

1. सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए-

(क) अविकारी शब्दों के प्रकार होते हैं-

पाँच ◯ चार ◯ छह ◯

(ख) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं-

क्रियाविशेषण ◯ समुच्चयबोधक ◯ संबंधबोधक ◯

(ग) किस क्रियाविशेषण से काम के करने के स्थान का पता चलता है?

कालवाचक ◯ स्थानवाचक ◯ परिमाणवाचक ◯

(घ) समुच्चयबोधक को कहते हैं-

योजक ◯ क्रिया ◯ सर्वनाम ◯

2. सही वाक्यों के सामने सही (✓) तथा गलत वाक्यों के सामने गलत (×) का निशान लगाइए-

(क) अविकारी शब्दों पर लिंग, वचन, काल आदि का प्रभाव नहीं पड़ता। ☐

(ख) अविकारी शब्द पाँच प्रकार के होते हैं। ☐

(ग) दो शब्दों, वाक्यांशों अथवा वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द संबंधबोधक कहलाते हैं। ☐

(घ) 'समानाधिकरण' समुच्चयबोधक का भेद है।
(ङ) हर्ष, आश्चर्य, भय, घृणा आदि भावों का बोध कराने वाले शब्द विस्मयादिबोधक कहलाते हैं।

3. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–

कालवाचक   रीति   विकल्प सूचक
समुच्चयबोधक   विस्मयादिबोधक

(क) ________ क्रियाविशेषण क्रिया के होने या करने के समय का बोध कराते हैं।
(ख) रीतिवाचक क्रियाविशेषण क्रिया करने की ________ का बोध कराते हैं।
(ग) ________ के दो भेद होते हैं।
(घ) जो अव्यय शब्द वाक्यों में विकल्पों को दर्शाते हैं, वे ________ कहलाते हैं।
(ङ) ________ शब्द हर्ष, भय, उल्लास आदि भावों को प्रकट करते हैं।

4. समुच्चयबोधक शब्दों द्वारा वाक्यों को पूरा कीजिए–

(क) नमन एक गायक बनना चाहता है ________ वह संगीत की शिक्षा ले रहा है।
(ख) रेनू आज स्कूल देर से आई ________ रास्ते में बस खराब हो गई थी।
(ग) मैंने उसे बहुत समझाया ________ वह नहीं माना।
(घ) सभी जानते हैं ________ पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है।
(ङ) तुम ग्यारहवीं कक्षा में क्या लोगे विज्ञान ________ कंप्यूटर।

5. निम्नलिखित अविकारी शब्दों के सामने उसका नाम लिखिए–

(क) धीरे-धीरे ________   (ख) छिः! छिः ________
(ग) और ________   (घ) किंतु ________
(ङ) के अंदर ________   (च) की तरह ________
(छ) वाह ________   (ज) तेज़ ________

6. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों के आधार पर वाक्य बनाइए–

(क) अरे! ________।
(ख) छिः! ________।
(ग) उफ! ________।
(घ) हे भगवान! ________।
(ङ) वाह-वाह! ________।

7. निम्नलिखित वाक्यों के सामने विस्मयादिबोधक अव्यय के रूपों का नाम लिखिए–

(क) अहा! कितना सुंदर दृश्य है। ________
(ख) ठीक! मैं सब समझ गई। ________
(ग) अरे! पिता जी को क्या हो गया। ________
(घ) उफ! कितनी गर्मी है। ________

(ङ) शाबाश! तुमने परीक्षा पास कर ली।

(च) वाह! क्या घर है।

मौखिक प्रश्न

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए–

(क) अविकारी शब्दों के कितने भेद हैं? नाम बताइए।

(ख) क्रियाविशेषण किसे कहते हैं?

(ग) हिंदी में कौन-कौन-से संबंधबोधक अव्यय प्रयोग में लाए जाते हैं?

(घ) समुच्चयबोधक शब्दों के भेद कौन-कौन से हैं?

लिखित प्रश्न

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) अविकारी शब्द किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) संबंधबोधक किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(ग) परिमाणवाचक विशेषण तथा परिमाणवाचक क्रियाविशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) विस्मयादिबोधक की परिभाषा लिखिए।

रचनात्मक कौशल

निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–

धड़ाधड़ ____________________

सरासर ____________________

तनिक ____________________

तुरंत ____________________

अत्यंत ____________________